कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री मुकेश कुम्हार पुत्र श्री रामेश्वर प्रजापत ग्राम पोस्ट भॉवता तहसील बसवा जिला दौसा (राज0) 303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा

अपील सं0 25/2019

Web Copy - Not Official

निर्णय दिनांक : 08.07.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर) दौसा, जिला दौसा को सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित कर वॉछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर अपीलांट ने यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी,(अति0 जिला कलेक्टर) दौसा व तहसीलदार बसवा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति पत्रांकः डी0एम0/कोर्ट/2019/1022–23 दिनांक 18.06.19 द्वारा प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, (अति0 जिला कलेक्टर) दौसा द्वारा उनके पत्रांक आरटीआई/2019/508 दिनांक 19.06.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) दौसा द्वारा निर्धारित समयावधि में आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसकी प्रति आवेदक को भिजवाई गई है एवं लोक सूचना अधिकारी (अति0 जिला कलेक्टर) दौसा का पत्र क्रमांकः आर.टी.आई/ 2019/484 दिनांक 07.06.2019 की छायाप्रति भी संलग्न भिजवाई गई है। एवं लोक सूचना अधिकारी(तहसीलदार) बसवा द्वारा उनके पत्रांक सम/2019/3123 दिनांक 05.07.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार) बसवा द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। जिसकी प्रति आवेदक को भिजवाई गई है। उक्त पत्रादि पत्रावली में संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवाई जा चुकी है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है। अतः अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अकिंचल चतुवेर्दी)
जिला कलेक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर, दौसा